<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर 14 मई 2022। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय के बी.एससी. (आनर्स) कम्यूनिटी साइंस के चतुर्थ वर्ष के 14 विद्यार्थियों ने गृह विज्ञान प्रसार विभाग से संबंधित प्रिंट एवं इलैक्ट्रॉनिक मीडिया में दो माह की इनप्लांट प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं हैंडस ऑन प्रशिक्षण के लिए विभिन्न संस्थानों में दो महीने का प्रशिक्षण लेना होता है जो उनको रोजगार की दुनिया के बारे में अवगत कराता है। इसके साथ ही इन संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर, छात्र अपना स्टार्ट–अप अथवा रोजगार चलाने के लिए परिपक्व हो जाते है। छात्राओं ने नवभारत टाइम्स (लखनऊ), अमर उजाला (हल्द्वानी), उत्तरांचल दीप (चंपावत), समाचार प्रतिनिधि (देहरादून), उत्तराखण्ड सत्य समाचार (रूद्रपुर), नयना ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस (पीरूमदारा), जन शिक्षण संस्थान (बागेश्वर), चेष्टा विकास कल्याण समिति, ज्योलीकोट में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

दो माह की प्रशिक्षण अवधि में विद्यार्थियों ने प्रिंट मीडिया से संबंधित विभिन्न हिन्दी समाचार के लिए लेख लिखने की प्रक्रिया को सीखा एवं अलग–अलग समाचार पत्रों में लेख लिखे। इसी के तहत विद्यार्थियों को गणमान्य अधिकारियों (जिला अधीक्षक, आईएएस ऑफिसर, सीमैप वैज्ञानिक और राजनीतिक पार्टी कार्यकर्ताओं) से साक्षात्कार लेने का अवसर मिला और उनके विचारों को दर्शाया, जो कि प्रशिक्षण के दौरान अनूठी सीख थी। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने प्रिंट मीडिया से संबंधित विभिन्न कम्प्यूटर संपादन सॉफ्टवेयर, यथा क्वार्क एक्सप्रैक्स, एस.एम. कनवर्टर, कैनवा, एडोब फोटोशॉप, एडोब इलस्ट्रेटर, कोरल ड्रॉ, न्यूजप्रो का प्रयोग कर उसमें कौशल प्राप्त किया। साथ ही प्रिंट प्रचार–सामग्री को डी.टी.पी. सॉफ्टवेयर, कोरल ड्रॉ के द्वारा एडिटिंग और डिजाइनिंग करना सीखा और अनुभव प्राप्त किया। कुछ विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित क्षेत्रों (एकरिंग करना, विभिन्न कार्यक्रमों के स्क्रिप्ट लिखना और वीडियो कैमरा का प्रयोग, विडियो प्रोग्राम बनाना, एकरिंग करना) में कौशल प्राप्त किया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया ईकाइयों के अतिरिक्त विद्यार्थियों ने गैर–सरकारी संगठनों (छळव्) में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमें उन्होंने मीडिया बाइट, प्रेस विज्ञप्ति, ऑनलाइन प्रचार और मार्केटिंग कर एक अलग अनुभव लिया, जिसके फलस्वरूप छात्रा को राज्य स्तर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस प्रकार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित पहलुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थी स्ट्राट–अप/उद्यम स्थापित करने में सक्षम हो सकते है। विद्यार्थियों के प्रशिक्षण कार्य को अधिष्ठात्री, गृहविज्ञान महाविद्यालय ने सराहा और कहा कि ये छात्राएं आगे किसी भी संस्थान के लिए एक सहायक होंगी। यह इनप्लांट प्रशिक्षण कोर्स गृह विज्ञान प्रसार विभाग के सहायक प्राध्यापिका, डा. अनुपमा पाण्डे के दिशा–निर्देशन में किया गया।